दिनांक–25.08.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार-

- केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी दी, 23 लाख कर्मचारियों को मिलेगा फायदा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मध्यप्रदेश की लखपति दीदियों से करेंगे संवाद।
- इंदौर, उज्जैन, देवास और धार ज़िले के कुछ हिस्सों को मिलाकर विकसित होगा मेट्रोपॉलिटन सिटी।
- प्रदेश के ज्यादातर जिलों में लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर।

-----------------------------------

मंत्रिमंडल

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को मंज़ूरी दे दी है जिसमें पेंशन की गारंटी दी गई है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कल नई दिल्ली में बताया कि इस योजना में, न्यूनतम 25 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले कर्मियों को आख़िरी के 12 महीनों के मूल वेतन के औसत की पचास प्रतिशत राशि बतौर पेंशन दी जाएगी। इसके अलावा, कर्मचारी के देहान्त के बाद परिवार पेंशन साठ प्रतिशत कर दी गई है। न्यूनतम 10 वर्ष की नौकरी के बाद सेवानिवृत्त होने पर कम से कम दस हज़ार रूपए पेंशन की गारंटी होगी। सुनिश्चित पेंशन, परिवार पेंशन और न्यूनतम पेंशन पर महंगाई भत्ता भी देय होगा जो औद्योगिक कर्मियों पर लागू अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित होगा। सेवानिवृत्ति पर उपदान यानी ग्रैच्युटी के अलावा एकमुश्त राशि का भुगतान भी किया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना से लगभग 23 लाख सरकारी कर्मियों को लाभ होगा। यह योजना अगले वर्ष की पहली अप्रैल से लागू होगी।

-----------------------------------

पीएम दीदी संवाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज मध्यप्रदेश की लखपति दीदियों से संवाद करेंगे और उन्हें सम्मानित करेंगे। महाराष्ट्र राज्य के जलगांव में हो रहे सम्मान समारोह में प्रदेश की पांच दीदियां कार्यक्रम में शामिल होने जलगांव पहुंच गई हैं। प्रधानमंत्री प्रदेश की लखपति दीदियों को सम्मान-पत्र देंगे। इनमें गुना जिले की लखपति दीदी गंगा अहिरवार को सम्मान-पत्र दिया जायेगा। उल्लेखनीय है

कि केन्द्र सरकार के सौ दिनों में लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य मिलने के बाद मध्यप्रदेश में 96 हजार 240 बहनें लखपति दीदी बन गईं। इनको राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से वित्तीय सहायता, बाज़ार सहायता एवं तकनीकी सहायता दी गई है। प्रदेश में गठित लगभग पांच लाख महिला स्व-सहायता समूहों से गांवों के लगभग 62 लाख गरीब परिवार जुड़ गये हैं और वे सामाजिक-आर्थिक रूप से सशक्त बन रहे हैं।

------------------------------------

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 13वीं कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

------------------------------------

मेट्रोपॉलिटिन सिटी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर और उज्जैन अलग नहीं है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वाणिज्यिक और व्यापारिक दृष्टि से मध्यप्रदेश का भविष्य उज्ज्वल है। इंदौर में आयोजित काबुली चना ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रथम वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इंदौर, उज्जैन, देवास और धार ज़िले के कुछ हिस्सों को मिलाकर मेट्रोपॉलिटन सिटी का स्वरूप दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एसोसिएशन के माध्यम से काबुली चना स्टॉक लिमिट की समस्या हमारे सामने रखी गई, जिसका तत्काल निराकरण किया गया। उन्होंने किसानों से कहा कि गेहूं के मुकाबले चने की फसल में सिंचाई की कम जरूरत होती है और उत्पादन अधिक होता हैं। चने की फसल के प्रोत्साहन हेतु मध्यप्रदेश सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। काबुली चने की लिमिट हटने से किसानों एवं व्यापारी दोनों को लाभ होगा। उन्होंने युवाओं से फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना हेतु आगे आने का आहवान किया।

------------------------------------

जन्माष्टमी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज और कल प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर

आयोजित श्री कृष्ण पर्व में शामिल होंगे। इंदौर से हमारे संवाददाता ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को दशहरा मैदान में आयोजित उत्सव में शामिल होंगे। इसके बाद वे दोपहर बाद धार जिले के अमझेरा में कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री शाम को पन्ना के जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री कृष्ण पर्व में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल अशोकनगर जिले के चंदेरी और दोपहर बाद भोपाल जेल में श्री कृष्ण पर्व में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को ही मुख्यमंत्री निवास परिसर में शाम 6:00 बजे से आयोजित श्री कृष्ण उत्सव में उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव सोमवार रात्रि 10 बजे गोपाल मंदिर उज्जैन में जन्माष्टमी उत्सव और रात्रि 10:30 बजे सांदीपनि आश्रम, उज्जैन में श्री कृष्णा पर्व में शामिल होंगे।

-----------------------------------

मौसम

प्रदेश के अधिकांश जिलों में पिछले तीन दिनों बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश की संभावना जताई है। पन्ना से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में बीते दो दिनों से रुक रुक कर वारिश का दौर जारी हे, जिससे जिले के नदी नाले एक बार फिर उफान पर आ गए हैं। लगातार बारिश के बाद रायसेन जिले के हलाली बांध के कल तीन गेट खोले गए, जिससे बेगमगंज में परासरी नाला उफान पर आने से रात को दो घंटे भोपाल-सागर मार्ग बंद रहा। वहीं राजधानी भोपाल में बीती रात से ही बारिश हो रही। इससे शहर के कई इलाके तरबतर हो गए। कलियासोत डैम का गेट खोले जाने के बाद नदी किनारे की बस्तियों को अलर्ट किया गया है। इंदौर में बारिश से कई इलाकों में पानी भर गया। उज्जैन में शिप्रा नदी में उफान आया। रामघाट के सारे मंदिर और छोटा पुल पानी में डूब गया। शहडोल में शुक्रवार रात से हो रही लगातार बारिश से जिले के सभी नदी नाले उफान पर हैं। शहडोल शहर से आसपास के कई गांवों का सम्पर्क टूट गया है। अनूपपुर जिले में नदी-नाले उफान पर हैं। कई स्थानों से जिले का संपर्क भी टूट गया है। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के 4 गेट खोल दिए गए हैं।

-----------------------------------

वर्ल्ड केनो चेम्पियनशिप

खेल अकादमी की क्याकिंग केनोइंग खिलाड़ी दीपा राजपूत ने विश्व चैम्पियनशिप के फायनल मुकाबले में अपनी जगह बना ली है। दीपा राजपूत सी-1 500 मी. में फायनल खेलेंगी। फायनल मुकाबला आज खेला जाएगा। दीपा की इस उपलब्धि पर खेल मंत्री विश्वास सारंग ने उनका उत्साहवर्धन करते हुये

शुभकामनाएं दी हैं। गौरतलब है कि 23 से 25 अगस्त तक सीनियर वर्ल्ड केनो चैम्पियनशिप 2024 का आयोजन उज्बेकिस्तान में किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की इस केनो चैम्पियनशिप में खेल अकादमी के 7 खिलाड़ी और 3 प्रशिक्षक सहित कुल 10 सदस्यीय दल उज्बेकिस्तान गया हुआ है।

---------------------------------------

संक्षिप्त समाचार

1. गुना जिले की लखपति दीदी कामिनी शर्मा आज महाराष्ट्र के जलगांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री से संवाद करेंगी, वहीं जिले की गंगा अहिरवार प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित होंगी।
2. छतरपुर जिले में खजुराहो के वेस्टर्न ग्रुप ऑफ टेम्पल लाइट एंड साउंड शो स्थल पर आज मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जहां से ये कार्यक्रम सुना जा सकता है।
3. इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा सांवेर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 1 हजार 773 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराया जा रहे हैं। इन कार्यों की समीक्षा जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने की।
4. बालाघाट के शासकीय जटाशंकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कल महिला समानता दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
5. मुरैना पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने कल एक बैठक में अपराधों की जांच में फॉरेंसिक अधिकारी की सहभागिता बढ़ाए जाने पर जोर दिया है।

---------------------------------------

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर-

- केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना को मंजूरी दी, 23 लाख कर्मचारियों को मिलेगा फायदा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मध्यप्रदेश की लखपति दीदियों से करेंगे संवाद।
- इंदौर, उज्जैन, देवास और धार ज़िले के कुछ हिस्सों को मिलाकर विकसित होगा मेट्रोपॉलिटन सिटी।
- प्रदेश के ज्यादातर जिलों में लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर।

---------------------------------------